परियोजना का नाम– प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 16 के अंतर्गत जनपद अल्मोड़ा के बसौलीखान चमतोला मोटर मार्ग से नयालधुरा मोटर मार्ग का निर्माण। लम्बाई 7.500 कि0मी0

**संलग्नक सं0–2.1**

## प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एव आवश्यकता

जन–जन तक मूलभूत सुविधाओं को पहुँचाने हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण दूर्गम एवं दूरूह क्षेत्रों के विकास में समय के साथ–साथ वरदान साबित हुयी है। इसी क्रम में जनपद अल्मोड़ा में चमतोला, नयालधुरा, कुनापोखरी की 1019 जनसंख्या को यातायात की सुविधा प्रदान करने हेतु भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 16 के अंतर्गत जनपद अल्मोड़ा के बसौलीखान चमतोला मोटर मार्ग से नयालधुरा मोटर मार्ग का निर्माण लम्बाई 7.500 कि0मी0 प्रस्तावित किया गया है। इस मोटर मार्ग में 250+ जनसंख्या वाले लक्षित गॉव चमतोला, नयालधुरा, कुनापोखरी भी इस प्रस्तावित मोटर मार्ग से जुड़ जायेंगे। इससे इस घाटी के इन सम्बन्धित गॉवों हेतु भविष्य में किसी अतिरिक्त मोटर मार्ग बनाये जाने की आवश्यकता नहीं पडेगी। उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग के बन जाने से इन गॉवों के निवासियों को विकासखण्ड मुख्यालय धौलादेवी तथा तहसील भनोली एवं जनपद अल्मोड़ा मुख्यालय आने जाने हेतु यातायात की सुविधा सुलभ हो जायेगी। प्रस्तावित मोटर मार्ग से आच्छादित होने वाले ग्रामवासियों को रोड हैड पर आने में संकरे निर्जन जंगली एवं दुर्गम चट्टानी रास्तों से गुजरना पड़ता है। मोटर मार्ग के अभाव में तथा दुर्गम मार्गों के कारण इन क्षेत्रों के अस्वस्थ वृद्ध एवं गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उक्त ग्रामों में फल, सब्जी एवं अन्य फसल भरपूर मात्रा में उगाया जाता है। उक्त मोटर मार्ग के बन जाने से इनके उत्पादन को उचित बाजार उपलब्ध होगा। इस क्षेत्र के अध्ययनरत बच्चों को दूरदराज स्थित उच्च एवं उच्चतर विद्यालय आने जाने के साथ–साथ उनके समय की भी बचत होगी।

सहायक अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई, सिचाई खण्ड,
लो0नि0वि0, अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई, सिचाई खण्ड,
लो0नि0वि0, अल्मोड़ा